RPSC वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) पेपर I (सामान्य ज्ञान) 2022 (ग्रुप A)

100 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

1857 ई. के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरूद्ध झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई और तांत्या टोपे को अपनी सेनाओं के वेतन और रसद हेतु धन किसने उपलब्ध करवाया?

(A) डूंगजी-जवाहरजी
(B) सेठ अमरचन्द बांठिया ✓
(C) कुँवर दीपसिंह
(D) महाराजा मानसिंह

Q.2

निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ? (संप्रदाय) - (संत)

(A) निरंजनी - हरिदास जी
(B) गूड़ड़ - नवलदास जी ✓
(C) अलखिया - लालगिरी जी
(D) निष्कलंक - मावजी

Q.3

राजस्थान विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार के लिए लौटाये जाने पर वह विधेयक सदन के सम्मुख पुनः रखने के लिए अधिकृत है :

(A) विधानसभा अध्यक्ष ✓
(B) नेता प्रतिपक्ष
(C) मुख्यमंत्री
(D) मुख्य सचेतक

Q.4

राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष की पदावधि का उल्लेख मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की निम्नलिखित में से किस धारा में किया गया है-

(A) 25
(B) 21
(C) 22
(D) 24 ✓

Q.5

2022 में आयोजित राष्ट्रीय खेल के 36वें संस्करण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें :
कथन 1 : राजस्थान ने कुल 49 पदकों के साथ 12वाँ स्थान प्राप्त किया।
कथन 2 : राजस्थान ने 13 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदक जीते।
निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(A) केवल कथन 1 सही है।
(B) केवल कथन 2 सही है।
(C) कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
(D) कथन 1 और 2 दोनों गलत हैं। ✓

Q.6

'राजस्थान महिला निधि' का गठन किस संस्था के माध्यम से किया गया है?

(A) राजस्थान राज्य महिला आयोग
(B) राजस्थान वित्त निगम
(C) राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् ✓
(D) ग्रामीण विकास बैंक

Q.7

भारत की कौन सी नदी प्रायद्वीपीय पठार को तेलंगाना पठार तथा रायलसीमा पठार में विभक्त करती है ?

(A) महानदी
(B) गोदावरी नदी
(C) कृष्णा नदी ✓
(D) कावेरी नदी

Q.8

शान्त पवन, कम वर्षा, स्वच्छ आकाश तथा पवन के अवतलन के कारण प्रतिचक्रवातों का आविर्भाव जैसी दशाएँ किस ग्रहीय पवन पेटी के लक्षण हैं ?

(A) डोलड्रम
(B) अश्व अक्षांश ✓
(C) व्यापारिक पवन पेटी
(D) ध्रुवीय पवन पेटी

Q.9

निम्नलिखित में कौन सा कथन राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) योजना के बारे में सही है ?

(A) इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी कीमतों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पारदर्शी प्रतिस्पर्धी वाली प्रणाली तैयार करना है ।
(B) 1 दिसंबर, 2021 तक 1500 मंडियों को ई-नाम प्लेटफार्म के साथ एकीकृत किया गया है ।

सही उत्तर का चुनाव करें :

(A) केवल (A) सही है । ✓
(B) केवल (B) सही है ।
(C) दोनों (A) तथा (B) सही हैं ।
(D) ना (A) और ना ही (B) सही है ।

Q.10

निम्नलिखित में से किसने मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों को "असंतोषजनक, निराशाजनक और प्रकाशहीन सूर्य" बताया ?

(A) डॉ. एनी बेसेंट
(B) गोपाल कृष्ण गोखले
(C) लाला लाजपत राय
(D) बाल गंगाधर तिलक ✓

Q.11

निम्नलिखित में से भारत के संविधान के किस अनुच्छेद को प्रभावी बनाने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 अधिनियमित किया गया?

(A) 38
(B) 39 क ✓
(C) 40
(D) 44

Q.12

राष्ट्रपति पद के चुनाव की अधिसूचना भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा कब जारी की जाती है ?

(A) निवर्तमान राष्ट्रपति की पदावधि समाप्ति से 60 दिन पूर्व की अवधि में किसी एक दिन । ✓
(B) निवर्तमान राष्ट्रपति की पदावधि समाप्ति से 90 दिन पूर्व की अवधि में किसी एक दिन ।
(C) निवर्तमान राष्ट्रपति की पदावधि समाप्ति से 45 दिन पूर्व की अवधि में किसी एक दिन ।
(D) निवर्तमान राष्ट्रपति की पदावधि समाप्ति से 100 दिन पूर्व की अवधि में किसी एक दिन ।

Q.13

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए:

सूची - I	सूची - II
A. डोरा पर्वत	(i) सीकर
B. कमली घाट	(ii) उदयपुर
C. हर्ष की पहाड़ियाँ	(iii) राजसमन्द
D. हाथी नाल	(iv) जालौर

कूट :

(A) A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)
(B) A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)
(C) A-(iv), B-(iii), C-(i), D-(ii) ✓
(D) A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)

Q.14

भूमण्डलीकरण के सन्दर्भ में 'मेकडॉनाल्डाइजेशन' शब्दावली को निम्नांकित में से किसने गढ़ा ?

(A) नाओमी क्लेन
(B) जॉर्ज रिट्ज़र ✓
(C) उलरिक बैक
(D) रॉबर्ट डाहल

Q.15

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

A. लोही बकरी की एक नस्ल है ।
B. गुढ़ा भैंस की एक नस्ल है ।
C. जैसलमेरी ऊँट की एक नस्ल है ।

कूट :

(A) A तथा B सही हैं ।
(B) A तथा C सही हैं । ✓
(C) A, B तथा C सही हैं ।
(D) B तथा C सही हैं ।

Q.16

वन विभाग, राजस्थान के "प्रशासनिक प्रतिवेदन 2021-22" (2021 के आकलन) के अनुसार निम्नलिखित में से किन जिलों के समूह में वनावरण का प्रतिशत सर्वाधिक है ?

(A) उदयपुर तथा प्रतापगढ़ ✓
(B) बाँसवाड़ा तथा डूंगरपुर
(C) डूंगरपुर तथा कोटा
(D) प्रतापगढ़ तथा करौली

Q.17

निम्न में से कौन सी कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धान्त की स्वीकृत अवस्था नहीं है?

(A) भूमिका सन्देह अभिमुखता ✓
(B) सामाजिक अनुबन्ध विधिसम्मत अभिमुखता
(C) दण्ड तथा आज्ञापालन अभिमुखता
(D) सार्वभौमिक नैतिक सिद्धान्त अभिमुखता

Q.18

निम्नलिखित में से कौन सा उपागम व्यक्तित्व सिद्धान्तों से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) शीलगुण उपागम
(B) प्रकार (टाईप) उपागम
(C) मानवतावादी उपागम
(D) एकतन्त्रात्मक उपागम ✓

Q.19

ए. मॉस्लो द्वारा मानवीय अभिप्रेरणा को समझने हेतु आधारभूत आवश्यकताओं के पाँच वर्ग बताए गए हैं। निम्न में से कौन सा वर्ग मॉस्लो द्वारा नहीं दिया गया है?

(A) उपलब्धि आवश्यकता ✓
(B) आत्मयथार्थीकरण (आत्मबोध) की आवश्यकता
(C) सम्बद्धता व प्यार की आवश्यकताएँ
(D) सुरक्षा आवश्यकताएँ

Q.20

"शिक्षा मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की वह शाखा है जो शिक्षण तथा अधिगम से सम्बन्धित होती है।" इस विचार के प्रतिपादक हैं :

(A) कोलसनिक
(B) स्किनर ✓
(C) क्रो एवं क्रो
(D) स्टीफन

Q.21

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के 'एक जिला एक उत्पाद' के सन्दर्भ में निम्नांकित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(जिला) : — (उत्पाद) : —

(A) अलवर - प्याज
(B) अजमेर - गुलाब
(C) डूंगरपुर - आम
(D) जयपुर - नींबू ✓

Q.22

वस्त्र रंगने की मलयगिरी पद्धति में किस रंग की प्रधानता होती है ?

(A) काला
(B) भूरा ✓
(C) नीला
(D) पीला

Q.23

पथिक ने किस समाचार-पत्र के माध्यम से बिजौलिया कृषक आंदोलन को अन्य भारतीय समाचार-पत्रों तक पहुँचा दिया?

(A) प्रताप ✓
(B) राजस्थान केसरी
(C) नवीन राजस्थान
(D) प्रभात

Q.24

झाला हवेली किस किले/महल में अवस्थित है ?

(A) कोटा ✓
(B) बूँदी
(C) झालावाड़
(D) बीकानेर

Q.25

राजस्थान के मुख्य सचिव से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प की पहचान कीजिये :

(I) मुख्य सचिव मंत्री-परिषद् का, साथ ही उसकी उप-समिति का भी सचिव होगा ।
(II) राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठतम अधिकारी को ही मुख्य सचिव नियुक्त किया जा सकता है ।

(A) केवल (I) सही है । ✓
(B) केवल (II) सही है ।
(C) (I) और (II) दोनों सही हैं ।
(D) न तो (I) और न ही (II) सही है ।

Q.26

निम्नलिखित में से किस वर्ष राजस्थान पंचायत अधिनियम अधिनियमित हुआ तथा पूरे राज्य में ग्राम पंचायतों की स्थापना हुई ?

(A) 1953 ✓
(B) 1954
(C) 1952
(D) 1973

Q.27

राजस्थान के निम्नांकित में से किस जिले में पिनाका एम.के.-1 रॉकेट प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया?

(A) बाड़मेर
(B) जैसलमेर ✓
(C) जोधपुर
(D) श्रीगंगानगर

Q.28

परियोजना के नाम और इसकी बाहरी वित्त-पोषण एजेंसियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित का मिलान करें और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

(परियोजना का नाम)	(वित्त-पोषण एजेंसी)
I. राजस्थान ग्रामीण जल आपूर्ति और फ्लुओरोसिस शमन चरण II	a. विश्व बैंक (World Bank)
II. राजस्थान राज्य राजमार्ग विकास कार्यक्रम II	b. जीका (JICA)
III. राजस्थान राज्य राजमार्ग निवेश कार्यक्रम I	c. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)
IV. मरुस्थलीय क्षेत्रों के लिए राजस्थान जल क्षेत्र पुनर्निर्माण परियोजना	d. एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB)

कूट :

I	II	III	IV

(A) a b c d
(B) b d a c
(C) b a d c ✓
(D) d b c a

Q.29

शिवालिक पादीय क्षेत्र के सहारे का वह भाग जहाँ अधिकांशतः नदियाँ अत्यधिक संरध्रता के कारण विलुप्त हो जाती हैं, कहलाता है-

(A) भाबर ✓
(B) तराई
(C) धांध
(D) धोरोस

Q.30

विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) किसकी वर्षगाँठ से सम्बन्धित है ?

(A) मानवीय पर्यावरण पर स्टॉकहोम कॉन्फ्रेंस - 1972 की ✓
(B) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल - 1987 की
(C) बॉन कन्वेंशन - 1979 की
(D) रियो समिट - 1992 की

Q.31

निम्नलिखित में से कौन सी वस्तु अप्रैल-नवंबर 2021 के दौरान भारत की निर्यात वस्तुओं में शीर्ष स्थान पर सूचीबद्ध थी ?

(A) लोहा और इस्पात
(B) पेट्रोलियम उत्पाद ✓
(C) उर्वरक
(D) सोना और अन्य कीमती धातु के आभूषण

Q.32

निम्नलिखित में से कौन सा भारत सरकार अधिनियम, 1935 द्वारा स्थापित अथवा पुनर्गठित किया गया था ?
(I) संघीय लोक सेवा आयोग
(II) संघीय न्यायालय
सही विकल्प का चयन करें :

(A) केवल (II)
(B) (I) और (II) ✓
(C) केवल (I)
(D) ना तो (I) और ना ही (II)

Q.33

भारत में मंत्री-परिषद से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(I) मंत्री-परिषद में भारत सरकार के सभी श्रेणियों के मंत्री होते हैं चाहे वे 'मंत्रिमण्डल के सदस्य' हों या 'राज्य-मंत्री' या 'उप-मंत्री' ।
(II) मंत्री-परिषद का प्रमुख होने के कारण प्रधानमंत्री फैसला करता है कि कौन-कौन से मंत्री मंत्री-मण्डल के सदस्य होंगे ।

(A) केवल (I) सही है ।
(B) केवल (II) सही है ।
(C) (I) व (II) दोनों सही हैं । ✓
(D) ना तो (I) ना ही (II) सही है ।

Q.34

'एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया' (एसोचैम) की स्थापना कब की गयी ?

(A) 1919
(B) 1920 ✓
(C) 1921
(D) 1922

Q.35

राजस्थान के जलवायु प्रदेशों को उनसे सम्बन्धित जिलों से सुमेलित कीजिए :

(जलवायु प्रदेश)	**(जिले)**
(i) शुष्क	(a) अलवर
(ii) अर्द्ध-शुष्क	(b) झालावाड़
(iii) उप-आर्द्र	(c) जैसलमेर
(iv) आर्द्र	(d) चूरू

कूट :

(A) (i)-d, (ii)-c, (iii)-b, (iv)-a
(B) (i)-c, (ii)-d, (iii)-a, (iv)-b ✓
(C) (i)-a, (ii)-b, (iii)-d, (iv)-c
(D) (i)-b, (ii)-a, (iii)-c, (iv)-d

Q.36

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) जी-77 15 जून, 1974 को जिनेवा में स्थापित किया गया था । ✓

(B) जी-77 संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों का सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है, जो दक्षिण के देशों को अपने सामूहिक आर्थिक हितों को स्पष्ट करने और बढ़ावा देने के लिए माध्यम प्रदान करता है ।

(C) वर्तमान में जी-77 के 134 सदस्य देश हैं ।

(D) क्यूबा को 2023 के लिए जी-77 + चीन की अध्यक्षता के लिए चुना गया था ।

Q.37

निम्नलिखित में से राजस्थान के कौन से जिले सरसों उत्पादन में अग्रणी हैं ?

(A) सीकर, झुन्झुनूं, चूरू

(B) पाली, नागौर, बाँसवाड़ा

(C) भरतपुर, अलवर, गंगानगर ✓

(D) उदयपुर, राजसमन्द, सिरोही

Q.38

निम्न में से कौन कालीबंगा पुरातत्त्व स्थल की खुदाई में बी.बी. लाल के सहयोगी नहीं रहे ?

(A) एम.डी. खरे

(B) के.एम. श्रीवास्तव

(C) एस.पी. जैन

(D) ए. त्रिपाठी ✓

Q.39

निम्नलिखित में से सीखने की कौन सी विशेषता नहीं है?

(A) सीखना एक जीवन पर्यन्त प्रक्रिया है।

(B) सीखना लक्ष्य प्राप्ति में मदद करता है।

(C) सीखना केवल औपचारिक है। ✓

(D) सीखना अभिप्रेरणा व परिपक्वता पर निर्भर होता है।

Q.40

निम्नलिखित में से कौन सी एक सुसमायोजित व्यक्ति की विशेषता नहीं है ?

(A) स्वयं के मजबूत पक्षों एवं सीमाओं की जानकारी होना ।

(B) स्वयं एवं अन्य का सम्मान करना ।

(C) महत्त्वाकांक्षा का अति उच्च स्तर होना । ✓

(D) व्यवहार में लचीलापन होना ।

Q.41

निम्न में से कौन सा एक अभिप्रेरणा प्रक्रिया का तत्त्व (घटक) नहीं है?

(A) उपलब्धि ✓

(B) आवश्यकता

(C) अन्तर्नोद

(D) अभिप्रेरक

Q.42

शिक्षा मनोविज्ञान के अध्यापक के लिए निहितार्थ नीचे दिये जा रहे हैं :
(a) बालकों की विकासात्मक विशेषता को समझना।
(b) बालकों की समूह गत्यात्मकता को समझना।
(c) शिक्षण की प्रभावी विधियों को समझना।
उपरोक्त निहितार्थ का उपयोग करते हुए निम्नलिखित में कौन सा विकल्प सर्वाधिक उपयुक्त होगा ?

(A) केवल (a) सही है।
(B) केवल (b) सही है।
(C) केवल (a) एवं (c) सही हैं।
(D) (a), (b) एवं (c) सही हैं। ✓

Q.43

राजस्थान विद्युत वाहन नीति (आरईवीपी)-2022 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प गलत है?

(A) राजस्थान में पंजीकृत वाहनों की संख्या पिछले दशक में 125% बढ़कर मार्च 2021 के अंत में 2.02 करोड़ तक पहुँच गई है।
(B) 2022 तक, प्रत्येक 1000 गैर-विद्युत वाहनों पर 25 विद्युत वाहन (ईवी) बेचे गए थे।
(C) सरकार ने आरईवीपी-2022 के माध्यम से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने, पर्याप्त ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विकास को सुगम बनाने और कुशल जनशक्ति निर्माण का निर्णय लिया है।
(D) आरईवीपी-2022 01.01.2023 से प्रभावी होगी। ✓

Q.44

राजस्थान के निम्नलिखित राज्यपालों में से कौन भारत के एयर चीफ मार्शल भी रह चुके हैं ?

(A) बसंत राव पाटिल
(B) रघुकुल तिलक
(C) ओ.पी. मेहरा ✓
(D) सुखदेव प्रसाद

Q.45

निम्न में से किस संस्था ने अछूतों की शिक्षा के लिए चूरू में कबीर पाठशाला स्थापित की ?

(A) सर्वहितकारिणी सभा ✓
(B) बीकानेर प्रजा मण्डल
(C) बीकानेर राज्य प्रजा परिषद्
(D) लोक परिषद्

Q.46

चित्रकार मोहम्मद शाह जिन्होंने भगवान कृष्ण का चित्रांकन अपने चित्रों में किया, संबंधित थे :

(A) बीकानेर
(B) किशनगढ़
(C) जयपुर ✓
(D) जोधपुर

Q.47

राजस्थान लोक सेवा आयोग से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) राजस्थान के गठन के समय कुल 22 प्रांतों में से केवल तीन प्रांत - जयपुर, जोधपुर और बीकानेर में ही लोक सेवा आयोग कार्यरत थे ।

(B) राजस्थान लोक सेवा आयोग 22 दिसम्बर, 1949 से प्रभाव में आया ।

(C) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 234, 315 से 323 तक लोक सेवा आयोगों के विभिन्न कार्यों और शक्तियों से संबंधित हैं ।

(D) प्रारंभ में, आयोग में एक अध्यक्ष और 3 सदस्य थे । ✓

Q.48

यदि राजस्थान विधानसभा कोई ऐसा विधेयक पारित करती है जो उच्च न्यायालय की संवैधानिक स्थिति को खतरा पहुँचाता है, तो राजस्थान का राज्यपाल-

(A) विधेयक को अनुमति देगा।

(B) विधेयक पर हस्ताक्षर से पूर्व उच्च न्यायालय की सलाह लेगा तथा उस सलाह के अनुसार कार्य करेगा।

(C) विधेयक पर अनुमति नहीं देगा, किन्तु उसे राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखेगा। ✓

(D) विधेयक को राजस्थान के मुख्यमंत्री के पास उसके विचारण के लिए भेजेगा।

Q.49

निम्नांकित में से किस स्थान पर राजस्थान पेट्रोजोन स्थापित किया जाएगा?

(A) गुढ़ामालानी

(B) पचपदरा ✓

(C) कांकाणी

(D) बोरानाडा

Q.50

निम्नलिखित में से कौन सा कारक भारत में मानसून के प्रभाव को प्रबल बनाता है ?

(A) जब मई माह में उत्तरी हिन्द महासागर में अधिक उच्च वायुदाब स्थापित होता है ।

(B) मार्च तथा अप्रैल माह में चिली तथा अर्जेण्टीना में सुविकसित उच्च वायुदाब रहता है ।

(C) अप्रैल-मई माह में जंजीबार के निकट पूर्वी अफ्रीकी तट पर भारी वर्षा होती है । ✓

(D) मई माह में उत्तरी हिमालय प्रदेश में भारी हिमपात होता है ।

Q.51

सन् 2020 में निम्न देशों में से कौन सा एक सबसे घनी आबादी वाला है ?

(A) बेल्जियम

(B) फ्रांस

(C) जर्मनी

(D) नीदरलैंड ✓

Q.52

भारत में निम्न में से कौन सा क्षेत्र कृषि के बाद दूसरा सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला है ?

(A) सूचना - तकनीकी क्षेत्र
(B) वस्त्र / कपड़ा क्षेत्र ✓
(C) इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र
(D) फर्मास्युटिकल क्षेत्र

Q.53

गाँधीजी ने 1921 में स्वराज ध्वज डिजाइन किया था, जिसके तीन रंगों में शामिल थे-

(A) लाल, हरा और सफेद ✓
(B) केसरिया, सफेद और हरा
(C) लाल, सफेद और पीला
(D) केसरिया, सफेद और पीला

Q.54

निम्नांकित में से कौन से प्रधानमंत्री अपने पद की शपथ लेते समय राज्यसभा के सदस्य नहीं थे ?

(A) इन्दिरा गांधी (1966)
(B) एच.डी.देवेगौड़ा (1996) ✓
(C) आई.के. गुजराल (1997)
(D) मनमोहन सिंह (2004)

Q.55

निम्नलिखित में से कौन से राष्ट्र संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् सुधार के लिए बनाए गए समूह-4 के सदस्य हैं ?

I. ब्राजील
II. जर्मनी
III. भारत
IV. जापान
V. इटली
VI. ऑस्ट्रेलिया
VII. दक्षिण अफ्रीका

(A) I, III, IV और VII
(B) I, II, III और IV ✓
(C) II, III, IV और V
(D) II, III, V और VII

Q.56

निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों से सही कथन चुनिए :

A. लूनी नदी क्रम का अधिकांश अपवाह क्षेत्र राजस्थान में है।
B. खारी नदी बनास नदी की सहायक नदी है।
C. बनास नदी खमनौर की पहाड़ियों से निकलती है।

कूट :

(A) केवल A तथा C सही हैं।
(B) A, B तथा C सही हैं। ✓
(C) केवल A तथा B सही हैं।
(D) केवल B तथा C सही हैं।

Q.57

निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें :

कथन I : शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (UNHCR) को 1954 और 1981 दोनों में प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार मिला ।

कथन II : दो महासचिवों-कोफी अन्नान और डैग हैमरस्कॉल्ड को उनके काम के लिए नॉर्वे की नोबेल समिति द्वारा सम्मानित किया गया ।

कथन III : नोबेल शांति पुरस्कार 2020 संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) को प्रदान किया गया ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(A) कथन I और II सही हैं ।
(B) कथन II और III सही हैं ।
(C) कथन I और III सही हैं ।
(D) कथन I, II और III सही हैं । ✓

Q.58

लोहागढ़ किला अवस्थित है :

(A) जैसलमेर में
(B) भरतपुर में ✓
(C) अजमेर में
(D) बीकानेर में

Q.59

निम्न में से राजस्थान में ताम्र-युगीन सभ्यता का प्रारंभिक केन्द्र किसे माना जाता है ?

(A) बालाथल
(B) गणेश्वर ✓
(C) आहड़
(D) बैराठ

Q.60

परम्परागत वर्गीकरण में सीखने का कौन सा एक प्रकार नहीं है?

(A) संज्ञानात्मक अधिगम
(B) यान्त्रिक अधिगम ✓
(C) भावात्मक अधिगम
(D) मनोगत्यात्मक अधिगम

Q.61

निम्नलिखित में से कौन सा थॉर्नडाइक द्वारा प्रदत्त बुद्धि का प्रकार नहीं है ?

(A) सामाजिक बुद्धि
(B) मूर्त बुद्धि
(C) अमूर्त बुद्धि
(D) शरीर-गतिकी बुद्धि (यान्त्रिक बुद्धि) ✓

Q.62

भारत की विविध सांस्कृतिक भिन्नताओं में से व्यक्तिगत भिन्नता का मनोवैज्ञानिक आधार कौन सा है?

(A) बौद्धिक भिन्नता ✓
(B) शैक्षिक स्तर में भिन्नता
(C) भाषायी भिन्नता
(D) आर्थिक स्तर में भिन्नता

Q.63

वह वर्ष-काल (अवधि) जिसके दौरान लड़के व लड़कियाँ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व संवेगात्मक रूप से बाल्यावस्था से प्रौढ़ावस्था की ओर बढ़ते/बढ़ती हैं, कहलाती है -

(A) वयस्कवस्था (प्रौढ़ावस्था)
(B) उत्तर बाल्यावस्था
(C) किशोरावस्था ✓
(D) शैशवावस्था

Q.64

निम्नलिखित में से आकार के अनुसार घटते हुए क्रम में कौन सा सुव्यवस्थित है?

(A) उत्तरी अमेरिका -> दक्षिणी अमेरिका -> यूरोप -> अंटार्कटिका
(B) अफ्रीका -> दक्षिणी अमेरिका -> उत्तरी अमेरिका -> अंटार्कटिका
(C) दक्षिणी अमेरिका -> यूरोप -> अंटार्कटिका -> ऑस्ट्रेलिया
(D) उत्तरी अमेरिका -> दक्षिणी अमेरिका -> अंटार्कटिका -> यूरोप ✓

Q.65

निम्नांकित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(A) विधानमण्डल के विश्रान्तिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राज्यपाल की शक्ति - अनुच्छेद 123 ✓
(B) कुछ मामलों में दण्डादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की राज्यपाल की शक्ति - अनुच्छेद 161
(C) राज्यपाल राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति करेंगे - अनुच्छेद 165
(D) राज्यपाल राज्य-विधानमण्डल के सदन को आहूत करेंगे - अनुच्छेद 174

Q.66

भीलों में धर्मसुधार के लिए 'भगत पंथ' की स्थापना किसने की?

(A) मोतीलाल तेजावत
(B) गोविन्द गुरु ✓
(C) विजय सिंह पथिक
(D) सीताराम दास

Q.67

घुड़ला का त्योहार किसकी स्मृति में मनाया जाता है ?

(A) उल्लूग खाँ
(B) मल्लू खाँ
(C) घुड़ले खाँ
(D) राव सातल ✓

Q.68

राजस्थान विधानसभा के संबंध में कौन सा विकल्प सही नहीं है ?

(A) यह एक सदनीय व्यवस्थापिका है ।
(B) 32 सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं और 23 सीटें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं । ✓
(C) 1952 में पहली बार इसका गठन हुआ ।
(D) राजस्थान विधानसभा में कुल 200 सदस्य हैं ।

Q.69

निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें :

कथन 1 : 2021-22 में राजस्थान का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) स्थिर कीमतों पर ₹733017 करोड़ है।

कथन 2 : राजस्थान के जीएसवीए का स्थिर मूल्यों पर 2021-22 में क्षेत्रवार योगदान कृषि में 28.85%, उद्योग में 26.34% और सेवाओं में 44.81% है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें :

(A) केवल कथन 1 सही है।

(B) कथन 1 और 2 सही हैं। ✓

(C) कथन 1 और 2 गलत हैं।

(D) केवल कथन 2 सही है।

Q.70

पूर्वी तथा मध्य हिमालय की तलहटी से 1500 मीटर की ऊंचाई तक किस प्रकार का वन पाया जाता है ?

(A) उष्णकटिबंधीय पर्णपाति वन

(B) उष्णकटिबंधीय सदाबहार पर्वतीय वर्षा वन ✓

(C) शीतोष्ण वन

(D) अल्पाइन वन

Q.71

"विश्व जनसंख्या 2021" के अनुसार महादेशों की जनसंख्या के संदर्भ में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

(A) यूरोप तथा दक्षिण अमेरिका की संयुक्त जनसंख्या अफ्रीका की जनसंख्या से कम है।

(B) सभी महादेशों की संयुक्त जनसंख्या (एशिया को छोड़कर), एशिया की जनसंख्या से कम है।

कूट :

(A) केवल (A) सही है।

(B) केवल (B) सही है।

(C) (A) और (B) सही हैं। ✓

(D) (A) सही है किन्तु (B) गलत है।

Q.72

ए.पी.एम.सी. अधिनियम का सम्बन्ध है :

(A) भारत में थोक कृषि विपणन के नियमन से । ✓

(B) भारत में कृषि को ऊर्जा की उपलब्धता से ।

(C) भारत में कृषि को संस्थागत साख से ।

(D) भारत में कृषि के सूचना पोर्टल से ।

Q.73

भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 के तहत प्रथम बार निवारक निरोध अधिनियम कब अधिनियमित किया गया ?

(A) 1950 ✓

(B) 1951

(C) 1952

(D) 1953

Q.74

निम्नलिखित में से कौनसा युग्म गलत है?
(दबाव समूह) (संबंधित राजनीतिक दल)
(1) ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन - कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया
(2) इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(3) हिंद मजदूर सभा - भारतीय जनता पार्टी
(4) सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)

(A) ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन - कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया
(B) इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
(C) हिंद मजदूर सभा - भारतीय जनता पार्टी ✓
(D) सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)

Q.75

दशक 2001-2011 के मध्य राजस्थान के किस जिले में जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक रही थी ?

(A) बाड़मेर ✓
(B) जैसलमेर
(C) जोधपुर
(D) जयपुर

Q.76

उस अरबी यात्री का नाम बताइये जिसने मिहिर भोज के समय का वृत्तांत प्रस्तुत किया ।

(A) सुलेमान ✓
(B) शाहआलम नीरून
(C) अल मसूदी हज्जाब
(D) ओबेदुल्लाह हुसैनी

Q.77

अधिगम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(A) अभ्यास के कारण व्यवहार परिवर्तन।
(B) परिपक्वता के कारण व्यवहार परिवर्तन। ✓
(C) नवीन व्यवहारों का अर्जन।
(D) व्यवहार में स्थायी परिवर्तन।

Q.78

निम्नलिखित में से कौन सा सृजनात्मकता का तत्त्व नहीं है ?

(A) प्रवाह
(B) मौलिकता
(C) अभिसारी चिन्तन ✓
(D) विस्तारण

Q.79

प्रतिभाशाली बालकों के शिक्षण हेतु निम्नलिखित में से कौन सा कार्यक्रम उपयुक्त नहीं है?

(A) योग्यता समूहन
(B) संवर्धन कार्यक्रम
(C) दोहरी पदोन्नति अथवा त्वरण
(D) उपचारात्मक शिक्षण ✓

Q.80

एरिक्सन के मनो-सामाजिक विकास के सिद्धान्त में उद्यमता बनाम हीनता, विकास की निम्नलिखित में से कौन सी अवस्था से सम्बन्धित है ?

(A) किशोरावस्था
(B) उत्तर बाल्यावस्था ✓
(C) पूर्व बाल्यावस्था
(D) पूर्व प्रौढ़ावस्था

Q.81

राजस्थान में राज्य-मंत्री, जिसके पास किसी विभाग या उसकी विनिर्दिष्ट शाखाओं का स्वतन्त्र प्रभार है; किसके अनुमोदन से उस विभाग या यथास्थिति उसकी विनिर्दिष्ट शाखाओं से सम्बंधित कार्य उससे सम्बद्ध उप-मंत्री को आवंटित करेगा ?

(A) राज्यपाल
(B) मुख्यमंत्री ✓
(C) मुख्य सचिव
(D) सम्बन्धित विभाग का कैबिनेट मंत्री

Q.82

भारत सरकार ने 5 जनवरी, 1949 को सिरोही का प्रशासन __ सरकार को सौंप दिया।

(A) मध्य प्रदेश
(B) बम्बई ✓
(C) गुजरात
(D) राजस्थान

Q.83

निम्न में से कौन से त्योहार भाद्रपद माह में नहीं मनाए जाते ? a. गोगा नवमी b. अनंत चतुर्दशी c. आंवला नवमी d. शरद पूर्णिमा कूट :

(A) a, c, d
(B) b, c
(C) c, d ✓
(D) a, b, c

Q.84

उत्तराखंड में आयोजित 48वीं जूनियर बॉयज़ नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप में राजस्थान की टीम ने फाइनल में निम्नलिखित में से किस टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता ?

(A) उत्तर प्रदेश
(B) पंजाब
(C) हरियाणा ✓
(D) मध्य प्रदेश

Q.85

गाज़ी खान बरना को लोक संगीत के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2018 से सम्मानित किया गया। वे निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?

(A) खड़ताल ✓
(B) पुंगी
(C) रावणहत्था
(D) अलगोजा

Q.86

सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना किस राज्य में स्थित है ?

(A) मणिपुर
(B) मेघालय
(C) अरुणाचल प्रदेश ✓
(D) तमिलनाडु

Q.87

भारत में 2019-20 के लिये चालू कीमतों पर सकल मूल्यवर्धन में मध्यम, लघु व सूक्ष्म उद्योगों का जी.वी.ए. हिस्सा था :

(A) 18 प्रतिशत
(B) 13 प्रतिशत
(C) 25 प्रतिशत
(D) 33.08 प्रतिशत ✓

Q.88

भारत के संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित शब्दों पर विचार करें :
(I) वैज्ञानिक दृष्टिकोण
(II) प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव
(III) सामासिक संस्कृति
(IV) सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष
इनमें से किनका उल्लेख भाग IV क में किया गया है ?

(A) (I) और (IV)
(B) (II) और (III)
(C) (II), (III) और (IV)
(D) (I), (II), (III) और (IV) ✓

Q.89

पहरावना तथा तन्ना विवाह प्रचलित हैं :

(A) साँसी जनजाति में
(B) भील जनजाति में
(C) गरासिया जनजाति में ✓
(D) कंजर जनजाति में

Q.90

किस चौहानवंशीय शासक ने "प्रताप लंकेश्वर" की उपाधि धारण की थी ?

(A) सोमेश्वर ✓
(B) पृथ्वीराज III
(C) अर्णोराज
(D) विग्रहराज IV

Q.91

'यह व्यक्ति में उन मनोभौतिक व्यवस्थाओं का गत्यात्मक संगठन है जो उसके वातावरण के साथ विशिष्ट समायोजन को निर्धारित करता है।' यह कथन निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक (विशेषता) के सन्दर्भ में है?

(A) बुद्धि
(B) व्यक्तित्व ✓
(C) रुचि
(D) सृजनात्मकता

Q.92

सृजनात्मकता के 'प्रमस्तिष्क गोलार्ध सिद्धान्त' के अनुसार, सृजनात्मकता परिणाम होती है -

(A) ईश्वर द्वारा प्रदत्त उपहार का
(B) दायें गोलार्द्ध की प्रबलता का ✓
(C) बायें गोलार्द्ध की प्रबलता का
(D) प्रमस्तिष्क की कमजोरी का

Q.93

"रुचि गुप्त (अव्यक्त) हुआ अवधान, व अवधान रुचि का क्रियात्मक रूप है।" यह कथन किसका है?

(A) ड्रेवर
(B) क्रो एण्ड क्रो
(C) गिलफोर्ड
(D) मैकडूगल ✓

Q.94

रिखिया, ब्यावले और नेजा निम्न में से किस लोक देवता से संबंधित हैं ?

(A) पाबूजी
(B) तेजाजी
(C) मल्लीनाथजी
(D) रामदेवजी ✓

Q.95

निम्न में से राजस्थान के किस लोक नृत्य में डंडों से नृत्य करते हुए विभिन्न प्रकार के चरित्रों के स्वांग करते हैं ?

(A) गैर
(B) गींदड़ ✓
(C) चंग
(D) डांडिया

Q.96

राजस्थान के झुन्झुनूं जिले में 'खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स' भारत सरकार द्वारा किस वर्ष में स्थापित हुआ था ?

(A) 1967 ✓
(B) 1968
(C) 1969
(D) 1970

Q.97

1303 ई. में सेनानायक गोरा और बादल किसकी सेना से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए ?

(A) जलालुद्दीन खिलजी
(B) अलाउद्दीन खिलजी ✓
(C) महमूद खिलजी
(D) फतेह खान

Q.98

अध्यापक के द्वारा शिक्षण में विद्यार्थियों की रुचि को जाग्रत करने व विकसित करने के लिए निम्न में से कौन सा तरीका उपयुक्त नहीं है?

(A) उपयुक्त अध्यापन-विधि का उपयोग।

(B) बालकों के विकास की विभिन्न अवस्थाओं में रुचियों के ज्ञान का शिक्षण में उपयोग।

(C) कक्षा में पूर्ण नीरवता को बनाए रखना। ✓

(D) नए विषय को पूर्व परिचित ज्ञान से जोड़ना।

Q.99

तुलसी नामक आभूषण महिलाओं द्वारा __ में पहना जाता था ।

(A) कान

(B) गला ✓

(C) हाथ

(D) पैर

Q.100


मानसिंह ने किस प्रांत की सूबेदारी के दौरान ईसा खाँ, सुलेमान और केदार राय को नियंत्रित किया ?

(A) काबुल

(B) बंगाल ✓

(C) बिहार

(D) मालवा



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in